50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 10 °c | अधिकतम 27 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 94127-10840, 9368549219 | संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा | रोजाना सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:46, सूर्यास्त : 5:22 | वर्ष : 50/ अंक : 323 | बृहस्पतिवार, 24 नवम्बर 2022 | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा, सम्वत् 2079 | मूल्य 3 रु. | पृष्ठ-4

**आज की अमृतवाणी**

दूसरों की सेवा करने से जिस प्रकार के सुख की अनुभूति होती है, उसको शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता हैं।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

बसपा सरकार जैसी बात मौजूदा भाजपा सरकार में नहीं है : मायावती



ये बात तो कई सालों से कही जा रही है......



evan multi speciality hospital

# इवान हॉस्पिटल

(श्री जयप्रकाश जैन, नावला परिवार)

MAX Healthcare


| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| INTERNAL MEDICINE<br>डॉ. पंकज जैन<br>MBBS,MD (Physician) | CARDIOLOGY<br>डॉ. अनुभव सिंघल<br>MBBS,MD,DM (Cardiology) | PULMONARY MEDICINE<br>डॉ. प्रमोद कुमार<br>MBBS,MD (Pulmonary) | PULMONARY MEDICINE<br>डॉ. मो. वसील<br>MBBS,MD (Pulmonary) | GYNECOLOGY<br>डॉ. कोमल राठौर<br>MBBS,MS,FMAS,DMAS,FIVF | RADIOLOGY<br>डॉ. प्रत्युष राठौर<br>MBBS,MD |
| INTERNAL MEDICINE<br>डॉ. संयम शर्मा<br>MBBS(General Physician) | PEDIATRIC<br>डॉ. अमित बाधवान<br>MBBS,DCH,FNNF (Pediatric) | GENERAL SURGERY<br>डॉ. राकेश खुराना<br>MBBS,MS (Surgery) | ORTHOPEDIC /TRAUMA<br>डॉ. अभिनव कुमार<br>MBBS,MS (Orthopedic) | NEUROLOGY<br>डॉ. अश्वमेध बलियान<br>MBBS,MS,M.CH<br>NEURO SURGEON | PLASTIC SURGERY<br>डॉ. अभिषेक गौर<br>MBBS,MS,MCH<br>(Plastic Surgery) |
| ANESTHESIA<br>डॉ. सचिन त्यागी<br>MBBS, DA,DNB | DIABETIES CENTRE<br>डॉ आशीष सेठी<br>MBBS, MD<br>( Endocrinologist) | ENT<br>डॉ. अक्षी सिंघल<br>MBBS, MS ENT | ENT<br>डॉ. दीपक गोयल<br>MBBS,MS-ENT AND HNS | PHYSIOTHERPY<br>डॉ. अर्चित सिंघल<br>BPT,MPT | PATHOLOGIST<br>डॉ. वसीम अंसारी<br>MBBS MD PATHOLOGY |
| DIETICIAN<br>डाय. साजिदा मलिक<br>SR CONSULTANT DIETICIAN | SURGICAL CANCER<br>डॉ. स्वस्ति<br>MBBS, DNB (Radiotherapy) | SURGICAL CANCER<br>डॉ. विवेक मंगला<br>MBBS, MS, M.Ch | SURGICAL CANCER<br>डॉ. आलोक नारंग<br>MBBS, MS, Sur. Oncology | RADIATION CANCER<br>डॉ. रश्मि शुक्ला<br>MBBS, DNB (Radiotherapy) | NEOUROSURGERY<br>डॉ. मनीष वैश<br>MBBS, DNB (Radiotherapy) |
| NEOUROSURGERY<br>डॉ. दीपांशु नरूला<br>MBBS, DNB (Radiotherapy) | NEPHROLOGY & KIDNEY TRANSPLANT MEDICINE<br>डॉ. मनोज सिंघल<br>MD, DNB, Nephrology | NEPHROLOGY & KIDNEY TRANSPLANT MEDICINE<br>डॉ. लवी गौर<br>MBBS, DNB, Nephrology | CTVS<br>डॉ. गौरव महाजन<br>MBBS, MS, MCh<br>(Cardiac Surgery) | CTVS<br>डॉ. गौतम अग्रवाल<br>MBBS, MS, MCh<br>(Cardiac Surgery) | GASTROENTEROLOGY<br>डॉ. विभु मित्तल<br>MD, DM (Gastro) |
| ORTHOPEDICS & JOINT REPLACEMENT<br>डॉ. निकुंज अग्रवाल<br>MRCSn(UK), MCh (Ortho) | SURGICAL ONCOLOGY<br>डॉ. चिराग जैन<br>MBBS, DNB (Radiotherapy) | | | | |

## SPECIAL OFFER

| | | | |
|---|---|---|---|
| अल्ट्रासाउंड WHOLE ABDOMEN - ₹ 600/- | TVS - ₹ 600/- | CT स्कैन CT HEAD - ₹ 850/- | एक्स-रे - ₹ 350/- |

## शहर के प्रसिद्ध फेफड़ो के डॉक्टर

**डॉ. मो. वासिल**
MBBS, MD
(रेस्पिरेटरी मेडिसिन & ट्यूबर्क्युलोसिस)
डिप्लोमा इन डायबिटीज मैनेजमेंट
सोमवार से रविवार (सुबह 10 बजे से 6 बजे तक)



## डॉ. संयम शर्मा
MBBS(General Physician)
OPD FEES- Rs 250 Only

## सर्जरी
छोटी सर्जरी -15,000 | बड़ी सर्जरी -30,000

## गायनेकोलॉजी विभाग
नार्मल डिलीवरी Rs. 10,000 | एल. एस. सी. एस. Rs. 20,000 | हिस्टरेक्टॉमी Rs. 30,000

24/7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध

24 घंटे एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध



AYUSHMAN FACILITY AVAILABLE

TPA AVAILABLE

4th किमी. भोपा रोड, मुजफ्फरनगर (उ० प्र०)

MO.: 9068995066, 9068995077, 7088002601
E-mail : info@evanhealthcare.com | Visit us : www.evanhealthcare.com

Follow Us On

50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र    पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79)    डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24    Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 10 °c  अधिकतम 27 °c

**आज की अमृतवाणी**

दूसरों की सेवा करने से जिस प्रकार के सुख की अनुभूति होती है, उसको शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता हैं।

पेज-2

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 94127-10840, 9368549219    संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा    रोजाना सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:46, सूर्यास्त : 5:22    वर्ष : 50/ अंक : 323    बृहस्पतिवार, 24 नवम्बर 2022    मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा, सम्वत् 2079    मूल्य 3 रु.    पृष्ठ-4

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

बसपा सरकार जैसी बात मौजूदा भाजपा सरकार में नहीं है : मायावती



ये बात तो कई सालों से कही जा रही है......

# विक्रम सैनी की सजा पर रोक से हाईकोर्ट का इंकार

मुजफ्फरनगर, 23 नवंबर (बु.)। खतौली उपचुनाव को लेकर तमाम संशय आज उस समय खत्म हो गया जब इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मुजफ्फरनगर दंगे में भाजपा के पूर्व विधायक विक्रम सैनी को सुनाई सजा काफी कड़ी टिप्पणी करते हुए स्थगित करने से इंकार कर दिया। इसी के साथ हाईकोर्ट ने पूर्व विधायक की ओर से अपील तय होने तक दो वर्ष की सजा निलंबित रखने की मांग को लेकर दाखिल अर्जी को खारिज कर दिया। कोर्ट ने विक्रम सैनी के कृत्य को लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने वाला कार्य बताते हुए कहा कि सजा निलंबित रखने का कोई वैध आधार नहीं है। सजा रेयर आप रेयरेस्ट केस में निलंबित की जा सकती है। याची की अयोग्यता बरकरार रहेगी।



पूर्व भाजपा विधायक विक्रम सैनी को करारा -टका

**-विक्रम सैनी को स्पेशल कोर्ट ने सुनाई थी दो साल की सजा**
**-पूर्व विधायक की अपील गंभीर टिप्पणियों के साथ की गई खारिज**
**-अयोग्यता बरकरार रहने के बाद खतौली उपचुनाव की अड़चन भी खत्म**

कोर्ट ने विक्रम सैनी की याचिका पर अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि उनके कृत्य से स्वस्थ लोकतंत्र के मूल्यों को नुकसान पहुंचा है। आदेश में कहा गया है कि पूर्व विधायक विक्रम सैनी को घातक हथियार से लैस भीड़ द्वारा दूसरों के जीवन सुरक्षा को खतरे में डालने, लोक सेवक को अपने कर्तव्य का निर्वहन करने से रोकने, आपराधिक बल से कानून और व्यवस्था के लिए समस्या पैदा कर शांति भंग करने के इरादे से किए गए कृत्य पर सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने कहा इससे नागरिकों के जीवन को खतरा खड़ा हुआ। कृत्य से स्वस्थ लोकतंत्र के मूल्यों को भी नुकसान पहुंचा है। न्यायमूर्ति समित गोपाल ने विक्रम सिंह सैनी उर्फ विकार सैनी की ओर से दायर अपील पर सुनवाई के दौरान उनकी अर्जी को अस्वीकार करते हुए कहा कि सजा विशेष परिस्थितियों में ही निलंबित की जा सकती है।। कोर्ट ने कहा कि याची की सजा को निलंबित करने का कोई आधार नहीं है। उनके विरुद्ध लगाए गए आरोप बेहद गंभीर प्रकृति के हैं। ऐसे में मामले पर पूरी सुनवाई किए बिना निचली अदालत द्वारा सुनाई गई सजा पर रोक लगाना न्याय और देश हित में नहीं है।

मुजफ्फरनगर में दंगे के एक मामले में विक्रम सैनी सहित 12 आरोपियों को स्पेशल एमपी एमएलए कोर्ट ने दोषी करार देते हुए 11 अक्तूबर 2022 को दो-दो वर्ष के कारावास की सजा सुनाई थी। सजा सुनाए जाने के बाद चार नवंबर को सैनी की विधानसभा सदस्यता रद्द कर दी गई थी।

खतौली की इस सीट पर उपचुनाव की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। हालांकि स्पेशल कोर्ट ने सजा के बाद अंतरिम जमानत दे दी थी। इसके बाद उन्होंने हाई कोर्ट से सजा के खिलाफ अपील दाखिल कर इस पर रोक लगाने के साथ ही नियमित जमानत दिए जाने की मांग की थी जिसे हाई कोर्ट ने सुनवाई के लिए मंजूर कर लिया था। आज इस मामले पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने पूर्व विधायक को कोई राहत देने से इंकार कर दिया। इसके साथ ही खतौली उपचुनाव को लेकर राजनीतिक हल्कों में चल रही ऊहापोह की स्थिति भी खत्म हो गई है।

## हाईकोर्ट में विक्रम सैनी की ओर से दी गई थी यह दलीलें

प्रयागराज, 23 नवंबर (वार्ता)। निचली कोर्ट द्वारा सुनाई गई सजा पर रोक लगाने की मांग करते हुए याची पूर्व विधायक विक्रम सैनी की ओर से कहा गया था कि मुजफ्फरनगर में तीन हिंदू युवकों की हत्या के बाद कई स्थानों पर दंगे भड़के थे। इसमें दलील दी गई थी कि उस समय प्रदेश में सपा की सरकार थी और विक्रम सैनी भाजपा के कद्दावर नेता थे, इसलिए राजनीतिक प्रतिद्वंदिता के कारण उन्हें झूठा फंसा दिया गया। उनके खिलाफ कोई सीधा साक्ष्य नहीं मिला है। पुलिस ने एफआइआर दर्ज कराई है और सभी गवाह भी पुलिस के ही हैं। मामले में कोई भी स्वतंत्र साक्षी नहीं है। याचिकाकर्ता निर्वाचित विधायक है और सजा कायम रहने की स्थिति में उसकी विधानसभा सदस्यता समाप्त हो चुकी है। इसके अलावा वह भविष्य में चुनाव भी नहीं लड़ सकेगा। इसमें मांग की गई थी कि अपील तय होने तक सजा निलंबित रखी जाए। लेकिन उच्च न्यायालय ने विक्रम सैनी के अधिवक्ता द्वारा पेश की गई दलीलों को अस्वीकार करते हुए अपना फैसला सुनाया।

# विक्की त्यागी हत्याकांड के आरोपी सागर को बालिग घोषित किया

मुजफ्फरनगर, 23 नवम्बर (बु.)। सात साल पहले गैंगस्टर विक्की त्यागी की हत्या करने का आरोपी सागर बहावड़ी नाबालिग नहीं बालिग था। किशोर न्याय बोर्ड ने सुनवाई के बाद यह फैसला सुनाया है। वाराणसी जेल में बंद आरोपी अब तक नाबालिग होने का लाभ लेता रहा है। यह तय होने में इतना लंबा समय निकल गया। हालांकि आज सागर के अभिरक्षा से फरार होने की अफवाह भी उड़ती रही। वेस्ट यूपी में ताबड़तोड़ अपराध करने वाले गैंगस्टर विक्की त्यागी की 16 फरवरी 2015 में पुलिस अभिरक्षा में गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई थी। गोलियां बरसाने वाला आरोपी सागर निवासी गांव बहावड़ी जिला शामली सिख वेशभूषा में अधिवक्ता बनकर

**-विक्की त्यागी की हत्या के दौरान बालिग था सागर**
**-किशोर न्याय बोर्ड ने सुनवाई के बाद सुनाया फैसला**
**-वाराणसी जेल में बंद है हत्यारोपी सागर मलिक**



गैंगस्टर के करीब पहुंचा था। विक्की त्यागी को मारने के बाद आरोपी ने खुद को पुलिस के हवाले कर दिया था। उस समय यह बात सामने आई थी कि सागर ने मोटी रकम लेकर गैंगस्टर विक्की त्यागी को मारा है। हत्याकांड में गिरफ्तार हुए सागर के परिजनों ने उसे नाबालिग बताते हुए कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था। तब से ही इस मामले की सुनवाई किशोर न्याय बोर्ड में विचाराधीन थी।

किशोर न्याय बोर्ड की ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट विभा धामा ने सुनवाई पूरी कर सागर मलिक बहावड़ी के मामले में अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि जिस समय सागर ने इस वारदात को अंजाम दिया, वो बालिग था। यह फैसला आने के बाद सागर के परिजनों को -टका लगा है, क्योंकि इतने लंबे समय से सागर नाबालिग होने का लाभ लेता आ रहा था। जाहिर है कि अब विक्की हत्याकांड की सुनवाई में यह फैसला आने के बाद नया मोड़ आ गया है। आरोपी सागर मलिक फिलहाल वाराणसी जेल में बंद है। बुधवार को अचानक यह अफवाह भी फैल गई कि सागर मलिक पुलिस कस्टडी से फुर्र हो गया है। इस खबर की पुष्टि के लिए फोन खटकने शुरू हो गए। हालांकि कुछ घंटों के बाद यह साफ हो गया कि यह मात्र अफवाह है।

# शातिर बदमाश को मुठभेड़ में किया घायल

**-संत को धमकी देकर मांग रहा था रंगदारी**

भोपा, 23 नवंबर (बु.)। बुधवार देर शाम मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दूसरे जनपद के चर्चित बदमाश को मुठभेड़ के दौरान घायल कर गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तार बदमाश पर आधा दर्जन मुकदमे बताए गए हैं। भोपा थाना क्षेत्र के शुकतीर्थ स्थित में दण्डी आश्रम के संचालक को धमकी देकर दस लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला प्रकाश में आया था। पुलिस में बीते सोमवार को आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए बदमाश की तलाश शुरू की थी। बुधवार देर शाम भोपा पुलिस को सूचना मिली की बदमाश शुकतीर्थ में स्थित पार्क के पास किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बदमाश को घेर लिया। बदमाश ने अपने आप को पुलिस से घिरता देख पुलिस पर तमंचे से फायर झोंक कर फरार होने का प्रयास किया, जिस पर पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में मुठभेड़ के दौरान गोली चलाई तो बदमाश के पैर में लगी घायल बदमाश की पहचान विवेक चैधरी उर्फ विक्की निवासी ग्राम कसतला थाना इंचैली जनपद मेरठ के रूप में हुई है मुठभेड़ के बाद पुलिस द्वारा घायल बदमाश को भोपा



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर घायल बदमाश का इलाज कराया गया। पुलिस ने मौके से एक अपाचे बाइक दो खोखा कारतूस तीन जिंदा कारतूस एक तमन्चा बरामद हुआ है। पुलिस बदमाश से पूछताछ कर रही है। मौके पर पहुंचे एसपी देहात अतुल श्रीवास्तव ने थाना प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार सैनी व उनकी टीम की प्रशंसा की है। फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल पर जाकर जाँच की।

# खतौली उपचुनाव में सक्रिय हुए जातीय बाहुबली

**-मुस्लिम वोटर पर रालोद और सपा गठबंधन जता रहा एकाधिकार**
**-अब सवाल यह कि किधर जाएंगे दलित, गूर्जर, त्यागी और जाट इस बार**

ऋषिराज राही

मुजफ्फरनगर, 23 नवंबर (बु.)। खतौली विधानसभा उपचुनाव के लिए तमाम उम्मीदवारों, राजनीतिक दलों और उनके समर्थकों के लंगोट कस कर मैदान में उतर जाने के बाद अब जातीय वोटों के ठेकेदार भी मैदान में आ चुके हैं। ऐसे में जातीय वोटों को लेकर खासी मारामारी शुरू हो चुकी है। हालत यह है कि मुस्लिम वोटर को तो रालोद सपा गठबंधन अपना जेबी वोट मान चुका है, लेकिन उसकी सबसे ज्यादा परवाह अन्य मतदाताओं को लेकर है। ऐसे में भाजपा के लिए भी अपने पुराने जनाधार को बचाना कोई कम बड़ी चुनौती नहीं है। उसने भी अपने जातीय बाहुबलियों को पूरी तरह से तेल मालिश कर अखाड़े में झोंक दिया है। निर्वाचन आचार संहिता में संप्रदाय या जाति के नाम पर वोट मांगना भले ही अनुचित हो, लेकिन जमीनी चुनाव इन जातिगत समीकरणों से अलग नहीं चल सकते। ऐसे में खतौली में प्रचार के तेजी पकड़ने के साथ जातीय समीकरणों को पक्ष में करने के लिए मुख्य मुकाबले के उम्मीदवार पूरी जोर आजमाईश पर उतर चुके हैं। ऐसे में चर्चा इस बात पर है कि भाजपा के विक्रम सैनी को जिताने वाले पिछले विधानसभा चुनाव के मुकाबले इस बार जातीय संतुलन किस तरह बने या बिगड़ेगा। ऐसे में पिछले चुनाव में सैनी के सामने सैनी का लड़कर पराजय झेलने वाले रालोद सपा गठबंधन ने इस बार गूर्जर उम्मीदवार उतारा। बाहरी और लोकर गूर्जर के नाम पर अभिषेक चौधरी के रालोद छोड़कर भाजपा में जाने की घोषणा से उसे झटका तो लगा है, लेकिन अभी भी रालोद को लग रहा है कि गूर्जर वोट मदन भैया को ही मिलेगा। खतौली के वोटों का समीकरण देखें तो यहां सबसे अधिक करीब अनुमानित 99 हजार मुस्लिम वोटर है। इसके बाद दलित वोटर की तादाद 48 हजार है। अन्य वर्गों में सैनी करीब 25 हजार, गूर्जर करीब बीस हजार, जाट 18 हजार, ठाकुर 16 हजार, पाल 16 हजार, प्रजापति 9 हजार, ब्राह्मण 9 हजार, त्यागी 4 हजार तथा वैश्य और जैन मिलाकर करीब 9 हजार वोटर हैं। इसी साल हुए पिछले विधानसभा चुनाव पर गौर करें तो यहां विजयी रहे भाजपा के विक्रम सैनी को 100,651 यानि 45.34% वोट मिले थे और वह 16,345 वोटों के अंतर से जीते थे। यहां रालोद के राजपाल सिंह सैनी ने दूसरे स्थान पर रहते हुए 84,306 यानि 37.98% वोट पाए थे। इसके साथ ही बसपा से करतार सिंह भडाना 31,412 यानि 14.15% वोट के साथ तीसरे स्थान पर सिमट गए थे। 2017 में विक्रम सिंह भाजपा 94,771 यानि 44.47% वोट लेकर 31,374 मतों से विजयी हुए थे। तब यहां चंदन सिंह चौहान सपा दूसरे स्थान पर रहे थे और उन्हें 63,397 यानि 29.75% वोट मिले थे। 2012 में रालोद के करतार सिंह भड़ाना 46,722 यानि 27% वोट लेकर 5,875 वोटों से जीते थे। तब यहां बसपा के तारा चंद शास्त्री बसपा 40,847 यानि 24% वोटों के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। इससे साफ है कि पिछले तीन चुनावों में बसपा का वोट यहां कम हुआ है और माना जाता है कि यह वोट भाजपा के पक्ष में गया है। लेकिन यह भी सही है कि भाजपा की जीत का अंतर यहां पिछले चुनाव में काफी घटा और 2017 में 31 हजार वोटों से विजयी रहे विक्रम सैनी को पिछले चुनाव में करीब सोलह हजार वोटों से जीत मिली थी। पिछले चुनाव में बसपा से करतार सिंह भडाना को मिले 31,412 वोटों में दलित और गूर्जर वोटों का बड़ा हिस्सा माना जाता है। इस बार बसपा के मैदान से बाहर रहते इन वोटरों का रुख क्या होगा, यह देखना है। इस बार दलित नेता के रूप में आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर रालोद-सपा गठबंधन के समर्थन का ऐलान कर चुके हैं, जिससे दलित समाज पिछले चुनावों में दूर भागता रहा है। ऐसे में भाजपा अपने दलित नेताओं को मैदान में उतार चुकी है। जातीय वोटों की जंग में भाजपा ने अपने तमाम जाट और गूर्जर नेताओं को खतौली में झोंक दिया है। इसके साथ ही अन्य जातियों के लिए भी उसके पास खासी नेताओं की फौज है। त्यागी समाज को भाजपा से तोड़ने के लिए मांगेराम त्यागी और श्रीकांत त्यागी मैदान में हैं तो भाजपा के त्यागी नेता भी पीछे नहीं हैं। अन्य तमाम जातीयों के ठेकेदार भी उम्मीदवारों को सपने दिखा रहे हैं। ऐसे में वोटों का स्विंग कैसे और कितना होता है, इससे चुनाव नतीजे तय होंगे।

## तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से सिक्योरिटी गार्ड की मौत

मुजफ्फरनगर, 23 नवम्बर (बु.)। अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार एक फैक्ट्री के सिक्योरिटी गार्ड की मौत हो गई। इस सम्बंध में पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। मंसूरपुर थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में गांव नावला निवासी रीमा पत्नी राजकुमार ने बताया कि उसका पति बेगराजपुर स्थित एक फैक्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। पीड़िता ने बताया कि उसका पति ड्डूटी समाप्त करने के बाद साइकिल पर सवार होकर अपने घर वापस लौट रहा था। घासीपुरा के निकट अज्ञात वाहन ने उसके पति को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया, उसे उपचार के लिए बेगरजपुर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां से उसे रेफर कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि ऋषिकेश एम्स मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान उसके पति की मौत हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## झंडा दिवस पर एसएसपी विनीत जायसवाल ने किया झंडा रोहण

मुजफ्फरनगर, 23 नवम्बर (बु.)। पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर एसएसपी विनीत जायसवाल ने पुलिस लाइन परिसर में ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान एसपी सिटी अर्पित विजयवर्गीय, एसपी देहात अतुल कुमार श्रीवास्तव, एसपी क्राइम प्रशान्त कुमार प्रसाद, एसपी ट्रैफिक कुलदीप सिंह, एएसपी आयुष विक्रम सिंह, प्रतिसार निरीक्षक मौहम्मद नदीम समेत अन्य अधिकारियों ने सलामी दी। प्रतिसार निरीक्षक ने एसएसपी की वर्दी पर पुलिस ध्वज का प्रतीक चिन्ह लगाया। इस दौरान एसएसपी ने डीजीपी का शुभकामनाएं संदेश पढ़कर सुनाया तथा पुलिसकर्मियों को पूरी ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ ड्डूटी करने का संकल्प दिलाया। साथ ही उनकी वर्दी पर प्रतीक चिन्ह लगाया। एसएसपी ने पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी संगठन का ध्वज उसकी पहचान होता है। 23 नवंबर 1952 को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने उत्तर प्रदेश पुलिस और पीएसी को पुलिस ध्वज प्रदान किया था।





## यूपी में 28 नवम्बर को होगा गुरू तेग बहादुर शहीद दिवस का अवकाश

मुजफ्फरनगर, 23 नवम्बर (बु.)। उत्तर प्रदेश में 28 नवंबर को गुरू तेग बहादुर शहीदी दिवस के अवसर पर अवकाश घोषित किया गया है। गुरू तेग बहादुर साहिब सिखों के नौवें गुरू थे, उनका पहला नाम त्याग मल था। सिख धार्मिक अध्ययन के सूत्रों में उनका उल्लेख 'संसार की चादर' के रूप में किया गया है, जबकि भारतीय परंपरा में उन्हें 'हिंद दी चादर' कहा जाता है। बुधवार को उत्तर प्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन अनुभाग की ओर से जारी निर्देशों में 20 अक्टूबर 2021 द्वारा वर्ष 2022 के घोषित अवकाशों में 24 नवंबर को गुरू तेग बहादुर शहीद दिवस के अवसर पर कार्यकारी आदेशों के अंतर्गत अवकाश घोषित किया गया है। अब शासन स्तर से जारी निर्देशों के बीच ऐतिहासिक गुरूद्वारा और श्री गुरू तेग बहादुर साहिब जी सिंघा वाली गली यहियागंज लखनऊ से प्राप्त प्रत्यावेदन के आधार पर 24 नवम्बर के स्थान पर अब 28 नवंबर को कार्यकारी आदेशों के अंतर्गत यह अवकाश घोषित किया गया है।





# खतौली उपचुनाव में साख बचाने को भाजपा व गठबन्धन लगा रहे एड़ी चोटी का जोर

खतौली, 23 नवंबर (बु.)। खतौली विधानसभा उपचुनाव में भाजपा हाईकमान के निदेर्शानुसार केन्द्रीय व प्रदेशीय मंत्रियों सहित संगठन के आला पदाधिकारी नगर क्षेत्र में ड़ेरा ड़ालकर राजकुमारी सैनी की जीत के लिए एक जूट नजर आ रहे हैं, वहीं सपा रालोद गठबन्धन के नेतागण भी पूरे दल-बल के साथ उपचुनाव में भाजपा को पटखनी देने के लिए निरन्तर मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए अपनी साख बचाने को एड़ी चोटी का जोर लगाने को प्रयासरत बने हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार खतौली विधानसभा का उपचुनाव दिन प्रतिदिन रोचक होता नजर आने लगा है। उपचुनाव में जहां भाजपा ने पूर्व विधायक विक्रम सैनी की पत्नी राजकुमारी सैनी को चुनाव में अपना प्रत्याशी घोषित किया गया है वहीं रालोद सपा गठबन्धन द्वारा पूर्व विधायक मदन भैय्या पर दाव खेलकर भाजपा को करारी मात देने का दाव खेला गया है। भाजपा के लिए यह उपचुनाव प्रतिष्ठा का प्रश्न बना हुआ है भाजपा दो बार से जीती अपनी सीट को बचाने के लिए पूर्ण योजना के साथ तैयारी में जुटी दिखायी दे रही है, भाजपा प्रत्याशी की जीत के लिए जहां केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान के राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल सहित भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहित बेनीवाल अपने दल-बल के साथ क्षेत्र में ड़ेरा ड़ाले हुए हैं, वहीं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक सहित केन्द्र व प्रदेश के आला हाईकमान नेता व मंत्रीगणों का आवागमन निरन्तर क्षेत्र में बनाकर भाजपा मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए प्रयासरत बनी हुई है। वहीं इसी ओर रालोद सपा पार्टी हाईकमान भी चुनाव में भाजपा को पटखनी देने के लिए कमर कसे हुए है, जिसको लेकर जहां रालोद सुप्रीमों जयन्त चैधरी लगातार दो दिनों तक क्षेत्र के ग्रामीण अंचलो में दौरा कर चुके हैं वहीं सपा नेतागण भी गठबन्धन प्रत्याशी के समर्थन में अपनी सहभागिता अदा कर रहे हैं, परन्तु गठबन्धन प्रत्याशी के लिए जहां उसका क्षेत्र से बाहर का होना चुनाव में भाजपा के पक्ष में दिखायी पड़ रहा है वहीं रालोद व सपा के बीच दिखायी पड़ रही गुटबन्दी भी गठबन्धन प्रत्याशी के चुनाव प्रचार में बाधक सिद्ध होती नजर आ रही है। चुनाव के दौरान जहां सपा नेताओं द्वारा रालोद अनदेखी किये जाने का जहां आरोप सूने जा रहे हैं वहीं दोनों पार्टी के नेताओं में वर्चस्व का खेला भी गठबन्धन प्रत्याशी के चुनाव प्रचार को प्रभावित करता दिखायी पड़ रहा है, जिसको लेकर गत दिवस गठबन्धन प्रत्याशी व सपा के आला नेताओं की उपस्थिति में गठबन्धन की एक आमसभा में पार्टी कार्यकताओं में हुई कहासुनी व हाथापाई का वीड़ियों इसका जीता जागता उदाहरण है। दोनों दलों के प्रत्याशियों द्वारा चुनाव प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंकने से जहां यह चुनाव रोचक दिखायी देने लगा है वहीं उपचुनाव में कई दिग्गज नेताओं सहित कुछ क्षेत्रीय नेताओं की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी हुई है। यह तो चुनाव परिणाम ही बतायेंगे कि किसके सिर जीत का सेहरा बन्धेगा तथा किसको मायूसी झेलनी पडेगी।

## सरवट फाटक पर पंद्रह मिनट खड़ी रही नौचंदी एक्सप्रेस

मुजफ्फरनगर, 23 नवंबर (बु.)। सरवट फाटक पर जाम लगा होने के कारण नौचंदी एक्सप्रेस करीब पंद्रह मिनट खड़ी रही। सुबह के समय नौचंदी एक्सप्रेस सहारनपुर की ओर जा रही थी। ट्रेन करीब नौ बजे वहां पहुंची तो फाटक पर जाम लगा होने के कारण फाटक बंद नहीं हो सका। इसके बाद गेट मैन ने लाल झंडी दिखाकर ट्रेन का रुकवाया। बाद में ट्रैक से वाहनों को हटवाकर फाटक बंद किया गया। इसके चलते करीब पंद्रह मिनट बाद ट्रेन रवाना हो सकी।

## यशपाल पंवार के आवास पर चुनावी मंथन में पहुंचे मंत्री सोमेंद्र तोमर

मुजफ्फरनगर, 23 नवंबर (बु.)। खतौली चुनाव में गुर्जर समाज की वोट साधने को लेकर पूर्व जिला अध्यक्ष यशपाल पंवार के आवास पर राज्यमंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर व गंगोह विधायक कीरत सिंह की मौजूदगी में रणनीति तैयार की गई। पूर्व जिला अध्यक्ष यशपाल पंवार के आवास पर उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर व गंगोह विधायक कीरत सिंह ने चुनाव के बारे में चर्चा की और भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए समाज के लोगों को समझाने की रणनीति तैयार की। रविंद्र सिंह प्रबंधक महादेव आईटीआई ने डॉ. सोमेंद्र तोमर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कुलदीप शर्मा, राकेश, महावीर प्रधान, सुरेश चाचा समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## मिलावटी मावे में एक साल की सजा

मुजफ्फरनगर, 23 नवंबर (बु.)। मिलावटी मावे के मामले में आरोपी चरथावल के कुटेसरा निवासी चोनू उर्फ इरफान को एसीजेएम कोर्ट ने एक साल कैद और पांच हजार जुर्माने की सजा सुनाई है। 19 दिसंबर 1990 को उसे शामली अड्डे के पास पकड़कर सैंपल लिया गया था।

## नशेड़ी ने की मां, बाप, दादी और बहन की हत्या

नई दिल्ली, 23 नवंबर (वार्ता)। नशे की लत के शिकार युवक ने अपने पिता, मां, दादी और बहन की हत्या कर दी। पिता हमेशा पैसे देने का विरोध करते थे। यही वजह है कि उसने पिता पर चाकू से 18 से ज्यादा वार किए।पुलिस ने आरोपी को रिमांड पर लिया है।

# शायोनी ने भरतनाट्यम की बारीकियों को मौखिक एवं भाव भंगिमाओं से व्यक्त किया

मुजफ्फरनगर, 23 नवम्बर (बु.)। डीएवी इण्टर कॉलेज में सोसायटी फार द प्रोमोशन ऑफ इंडियन क्लासिक म्यूजिक एण्ड कल्चर अमंगस्ट यूथ स्पिक मैके की ओर से आयोजित भारतीय संगीत सांस्कृतिक विरासत को शिक्षा के माध्यम से युवा पीढ़ी में संजोकर रखने के लिए भारत की भरतनाट्यम कलाकार शायोनी चक्रबर्ती का भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नृत्यांगना ने भरतनाट्यम की बारिकियों को मौखिक एवं भाव भंगिमाओं के द्वारा समझाया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए डॉ. कंचन प्रभा शुक्ला प्रधानाचार्या ने कहा कि शिक्षा की सम्पूर्णता तभी सार्थक हो सकती है, जब उसमें भारतीय विरासत का परिचय भी समाहित हो। इस दौरान दीप प्रज्ज्वलन प्रधानाचार्य सुनील कुमार शर्मा, विजय कुमार शर्मा, सोहनपाल, डॉ. राजेश कुमारी तथा शायोनी चक्रबर्ती ने संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम संचालन विद्यालय के प्रवक्ता अब्दुल सत्तार ने किया। कार्यक्रम में अजय कुमार, अरूण कुमार, नरेश कुमार, अनिल यादव, सुनील कुमार, संजीव कुमार, सोहनपाल, मोनिका, प्रतिभा, ममता, डॉ. गरिमा जैन, डॉ. नीति मित्तल, भावना सिंघल, मोहिब हसन, राजकुमार का सहयोग रहा।





1973-2022

सम्पादक की कलम से

## ऑनर किलिंग के मामले

ऑनर किलिंग के मामले बढ़ रहे हैं। महिलाओं की मनमानी या आजादी उन्हें मौत के मुँह की तरफ ले जा रही है, इसे यूँ भी कहा जा सकता है कि महिलाओं की मनमानी या उनकी इच्छाओं का दमन उन पर क्रूरता दिखाने की हद तक किया जा रहा है। चाहे मामला श्रद्धा का हो या आयुषी यादव का, चाहे मध्य प्रदेश में मामा द्वारा भांजी को जहर पिलाने का हो या अशरिन सुल्ताना के हिन्दू पति का अशरिन सुल्ताना के भाइयों द्वारा किया गया कत्ल हो। श्रद्धा के मामले में उसके माता पिता ने उसे नहीं मारा, वह इन्सान और शैतान का फर्क नहीं जान पाई और टुकड़े-टुकड़े हो गयी। आयुषी यादव ऑनर किलिंग का शिकार हो गयी, मध्यप्रदेश की युवती को भी जहर दिया गया। अपने परिवार की प्रतिष्ठा को मूल्य न देते हुए अपनी चाह को प्रेम मानते हुए गलत रास्ते चुनने वाली युवतियाँ दोषी हैं या अपने परिवार की प्रतिष्ठा को देखकर उनकी हत्या करने वाले परिजन दोषी हैं? यह ऐसा सवाल है जो मुद्दत से कायम है और इसका कोई जवाब नहीं है। कानून युवक युवतियों को बिना शादी के भी एक साथ रहने की छूट देता है, समाज इस आजादी को बुराई मानता है और ज्यादातर परिवार इसे अपनी तौहीन मानते हैं। इस मामले में बच्चों को सोचना होगा और उनके परिजनों को भी उनकी भावनाओं को समझ कर उनसे वातालाप करनी चाहिए नहीं तो ऐसी खबरें रोज बढ़ती रहेंगी। सबसे ज्यादा पीड़ादायक मामला श्रद्धा का है। श्रद्धा वालकर ने दो साल पहले मुंबई पुलिस को पत्र लिखकर शिकायत दर्ज की थी कि आफताब उसे टुकड़े-टुकड़े करने की धमकी देता है। श्रद्धा ने 23 नवंबर, 2020 को पुलिस को एक पत्र लिखकर आफताब द्वारा उसकी पिटाई का जिक्र किया था। श्रद्धा ने पत्र में लिखा भी था कि आफताब उसकी हत्या कर टुकड़ों में काटकर फेंक देगा। उसे बहुत डर लग रहा है और वह आफताब के साथ नहीं रहना चाहती है। उसने पत्र में बताया था कि आफताब के माता-पिता को भी पता है कि वह उसे मारता है। बाद में आफताब ने श्रद्धा से माफी माँग ली थी और पुलिस से शिकायत वापस ले ली थी और बाद में वह अपनी जान से हाथ धो बैठी। आयुषी का शव उत्तर प्रदेश के मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे एक सूटकेस में मिला था। पुलिस का कहना है कि आयुषी को उनके पिता ही ने 17 नवंबर की दोपहर दो बजे घर में अपने लाइसेंसी रिवॉल्वर से गोली मार दी थी। आयुषी अपने माता-पिता और भाई के साथ राजधानी दिल्ली में बदरपुर में रहती थीं। मथुरा पुलिस का कहना है कि आयुषी के पिता नीतेश कुमार यादव ही ने अपनी पत्नी के साथ आयुषी का शव सूटकेस में भर कर फेंका था। मथुरा पुलिस के मुताबिक आयुषी ने 22 साल के छत्रपाल सिंह से आर्य समाज मंदिर में शादी कर ली थी। पुलिस को मैरिज सर्टिफि केट भी मिला है। शादी के बाद भी आयुषी अपने पिता के साथ ही रह रही थीं। नीतेश कुमार यादव को यह बात पता चल गई कि उनकी बेटी ने अंतरजातीय विवाह कर लिया है। पुलिस के मुताबिक नीतेश कुमार यादव इस बात से बहुत नाराज रहते थे। आयुषी और उसके माता-पिता के बीच महीनों से तनाव चल रहा था। 17 नवंबर को आयुषी बिना घर में बताए कहीं गई थीं और घर लौटीं, तो नीतेश कुमार यादव भड़क गए। पुलिस के मुताबिक इसी दौरान नीतेश कुमार ने आयुषी को अपने लाइसेंसी रिवॉल्वर से गोली मार दी। नीतेश के एक पड़ोसी ने बताया कि लड़का भी कोई छोटी जाति का नहीं था, इसे स्वीकार कर लेना चाहिए था। नीतेश यादव को गोली मारने से पहले लड़के से मिलना चाहिए था। दोनों कम उम्र के थे।लड़के के माँ-बाप से मिलते तो चीजें सुलझा लेते। मथुरा के सिटी एसपी मार्तंड सिंह से पूछा कि पूछताछ के दौरान क्या नीतेश कुमार यादव अफसोस जता रहे थे? उन्होंने कहा,अफसोस तो होता ही होगा, लेकिन नीतेश मुझे इस मूड में दिखा कि जो हो गया सो हो गया और जो झेलना है झेल लेंगे। इस मामले में लड़की की आजादी पर परिवार की क्रूरता हावी हो गयी अगर रजामंदी और पिता पुत्री में संवाद हुआ होता, तो पुत्री जीवित होती और पिता को सजा न काटनी पड़ती। बदरपुर मोलडबंद इलाके के मार्केट में एक अन्य युवती ने अंतरजातीय प्रेम विवाह किया है जब उनसे आयुषी के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया, आयुषी इसी रास्ते से हर रोज जिम जाती थी। बहुत शांत दिखती थी। देखने से लगता था कि अच्छे घर की बेटी है, लेकिन मुझे नहीं पता था कि बाप इस हद तक जाएगा। मेरी माँ ने भी मेरी शादी को लेकर बहुत गालियाँ दी थीं। पापा भी नाराज थे, लेकिन आप किसी की जान कैसे ले सकते हैं? उस युवती ने कहा, माँ-बाप ने जन्म दिया है तो इस शर्त पर नहीं दिया है कि प्रेम और विवाह का फैसला वो करेंगे। ऐसे माँ-बाप को अपनी जाति की शान में बच्चा ही पैदा नहीं करना चाहिए। ये जातियाँ समाज से ज्यादा संग्रहालयों में सुरक्षित रहेंगी। इस युवती की बात भी अपनी जगह है। मध्य प्रदेश के राजगढ़ ज़िले की पुलिस का दावा है कि रतनपुरिया गांव में हुए कथित 'ऑनर किलिंग' के आरोप में उन्होंने 17 वर्षीय लड़की के मामा और मामा के बेटे को गिरफ़्तार कर लिया है। दोनों पर आरोप हैं कि उन्होंने युवती को जबरन जहर पीने पर मजबूर किया, जिससे उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने अपनी प्राथमिकी में दोनों अभियुक्तों के 'इकबालिया बयान' को भी दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि दोनों ही अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि 'परिवार की प्रतिष्ठा' की वजह से उन्होंने खुद युवती को जहर पिलाया। हैदराबाद की अशरिन सुल्ताना ने पुलिस को बताया कि वो अपने भाई के सामने गिड़गिड़ाती रही, मगर उसका भाई रॉड से और दूसरा आदमी चाकू से मेरे पति नागराजू पर लगातार वार करते रहे। मेरे पति को कोई नहीं बचा पाया। हमने प्रेम विवाह किया था। अशरिन सुल्ताना के भाई सैय्यद मोबीन अहमद और एक रिश्तेदार मसूद अहमद ने उनके पति दिल्लीपुरम निवासी नागराजू को हैदराबाद में बीच सड़क पर मार दिया। सुल्ताना का परिवार एक हिंदू लड़के से शादी से नाराज था। ऑनर किलिंग के मामले सामाजिक चिन्ता का विषय हैं।

### चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"वक्त" "कमी" "जिन्दगी" "तौर"

जो मिला है उसको ही काफी समझ कर खुश रहो,
वक्त से राजी है जो उसको कमी खलती नहीं।
आप ही को चलना होगा जिन्दगी के तौर पर,
आपकी शर्तो पे हरगिज जिन्दगी चलती नहीं।

# एम.जी. पब्लिक स्कूल में दी गई स्वर्गीय लाला हरबंस लाल गोयल को श्रद्धांजलि





भाव स्मरण

मुजफ्फरनगर, 23 नवम्बर (बु.)। एम.जी. पब्लिक स्कूल में विद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय बाबू लाला हरबंस लाल गोयल का दशम निर्वाण दिवस (10वीं पुण्यतिथि) उनके भावपूर्वक स्मरण के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में एम.जी. चेरिटेबिल ट्रस्ट के चेयरमैन सतीश गोयल के साथ ही अन्य गणमान्य व्यक्तियों, स्कूल की प्रधानाचार्या एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं व स्टाफ के द्वारा बाबू जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए उनको भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई।

श्रद्धांजलि सभा में वरदान नेत्र सेवा संस्थान, गाजियाबाद के सचिव विजय शंकर ने निःस्वार्थ सेवा के लिए अपना जीवन व्यतीत करने के लिए बाबू जी हरबंस लाल गोयल के सरल और सुलभ व्यक्तित्व को एक श्लोक के माध्यम से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि लाला हरबंस लाल एक असाधारण व्यक्तित्व वाले मानवीय संवेदनाओं से ओतप्रोत व्यक्ति थे। उनका पूरा जीवन जरूरतमंद एवं निर्धन लोगों के कष्ट को दूर करने के लिए किए गए प्रयासों में ही व्यतीत हुआ और इसी सेवा को उन्होंने अपना कर्म और धर्म समझा। इस अवसर पर एम.जी. चेरिटेबिल ट्रस्ट के चेयरमैन सतीश गोयल ने बाबू जी के सेवा के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए उनके जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में नेत्र रोगियों की निःशुल्क चिकित्सा सेवा में सहयोगी संस्था वरदान नेत्र सेवा संस्थान गाजियाबाद को एक 32 सीटर एम्बुलेंस प्रदान करने की घोषणा की। यह एम्बुलेंस बाबूजी की स्मृति में आगामी 11 दिसंबर को विद्यालय में आयोजित होने वाले निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर के दौरान वरदान सेवा संस्थान, गाजियाबाद को प्रदान की जायेगी। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमति मोनिका गर्ग द्वारा अपने सम्बोधन में स्वर्गीय बाबू जी को एक संवेदनशील समाजसेवी बताते हुए कहा गया कि उन्होंने सदैव अपने जीवन से समाज और दूसरे लोगों को सेवा को कर्म बनाने की प्रेरणा दी। उनके द्वारा जीवन में गरीब बच्चों को शिक्षित करने का जो संकल्प लिया गया, हम उसको एक सहयोगात्मक व्यवस्था के साथ आगे बढ़ाने का प्रयत्न कर रहे हैं। समाज की सेवा के लिए उनके जो भी उद्देश्य थे, हम उनको पूरा करने का संकल्प लेकर निरंतर उनको पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से एम.जी. चेरिटेबिल ट्रस्ट के चेयरमैन सतीश गोयल, कमेटी मेम्बर विनीत सिंघल, वरदान नेत्र सेवा संस्थान गाजियाबाद के सचिव विजय शंकर, सीए अजय अग्रवाल, मुकेश कुमार अरोरा, सत्यवीर सिंह, विक्रान्त राठी एडीजीसी मौजूद रहे। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमति मोनिका गर्ग ने सभी पदाधिकारियों, अतिथियों का विद्यालय प्रांगण में पधारने पर स्वागत करने के साथ ही आभार जताया। पुण्यतिथि पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं स्टाफ ने स्वर्गीय लाला हरबंस लाल गोयल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए उनको भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।





# माउंट लिट्रा जी स्कूल में सजी सांस्कृतिक महफिल

**- कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से विद्यार्थियों को दिया शास्त्रीय संगीत विरासत का ज्ञान**

मुजफ्फरनगर, 23 नवम्बर (बु.)। लिंक रोड़ स्थित माउंट लिट्रा जी स्कूल में स्पिक मैके कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्रो. आरएम तिवारी व मृदुला मित्तल के सौजन्य से संपन्न हुआ। कलाकारों ने अपने प्रभावी गायन व वादन से सभी को आह्लादित कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। स्पिक मैके के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रमा भाटिया, रेखा सचदेवा, शालिनी जैन व मिनाक्षी उपस्थित रहीं। कलाकार महेशा राम, तेजाराम, मुल्तान खान, रामूराम, गोपाल इंखिया, छगना राम व सत्तार खान ने अपनी गायन व वादन कला को सभी के समक्ष प्रस्तुत किया। छात्रों, शिक्षकों व अभिभावकों की तालियों की गड़गड़ाहट से संपूर्ण विद्यालय प्रांगण गुंजायमान हो रहा था। इस कार्यक्रम को आयोजित करने का उद्देश्य छात्रों को उनकी सभ्यता व संस्कृति के विषय में जानकारी देने के साथ शास्त्रीय संगीत, वादन, गायन व नृत्य की महत्ता से अवगत कराना। इस अवसर पर छात्रों के साथ-साथ उनके अभिभावक भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय निर्देशिका चारू भारद्वाज, ट्रस्टी मंजरी सिंघल व प्रधानाचार्य डॉ. पियूष गुप्ता ने सभी महान कलाकारों का धन्यवाद किया और उन्हें स्मृति चिह्न भेंट किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से हम समाज से लुप्त होती हमारी सांस्कृतिक विरासत को बचाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। सभी दर्शकों द्वारा भी कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। कार्यक्रम को संपन्न कराने में एडमिनिस्ट्रेटर वरुण भंडारी, गौरव भारती, पिंकी त्यागी एवं समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

# भाजपा नेताओं ने कारागार पहुंचकर सुनील दर्शन का जाना हाल

**-राज्यमंत्री कपिल देव, जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल और जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला रहे शामिल**

मुजफ्फरनगर, 23 नवम्बर (बु.)। राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल और भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला की अगुवाई में भाजपा नेताओं के प्रतिनिधिमण्डल ने बुधवार को जिला कारागार पहुंचकर श्रीराम शोभायात्रा के बवाल में कोर्ट द्वारा गैर जमानती वारंट के आधार पर जेल भेजे गए भाजपा जिला मंत्री सुनील दर्शन का हाल लिया। साल 2002 में शहर के बकरा मार्केट में श्री राम शोभा यात्रा के दौरान दो पक्षों के बीच मारपीट और पत्थरबाजी हो गई थी। उस समय पुलिस ने दोनों पक्षों के करीब 22 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। इनमें भाजपा नेता सुनील दर्शन का नाम भी शामिल था। इस मामले की सुनवाई सीजेएम कोर्ट में चल रही है। 20 वर्ष पुराने मुकदमे में तारीख पर पेश न होने के कारण कोर्ट ने सुनील दर्शन के गैर जमानती वारंट जारी कर दिए थे। मंगलवार को वारंट रिकॉल कराने के लिए भाजपा जिला मंत्री सुनील दर्शन कोर्ट में पेश हुए थे। अदालत ने सुनील दर्शन को दो दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। जेल जाने के बाद से ही भाजपा कार्यकर्ताओं और उनके शुभचिंतकों के मुलाकात करने का सिलसिला शुरू हो गया था। इसी कड़ी में बुधवार को राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, जिला मंत्री वैभव त्यागी, एससीएसटी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पूर्व सभासद राजकुमार सिद्धार्थ आदि जिला कारागार पहुंचे और इन नेताओं ने जेल में बंद भाजपा नेता सुनील दर्शन के साथ मुलाकात की और उनका हाल-चाल जाना। इस दौरान मंत्री कपिल देव अग्रवाल के साथ भाजपा नेताओं ने जिला कारागार में बंद सर्राफा कारोबारी अजय स्वरूप और आशुतोष स्वरूप से भी मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम पूछा।

## चरथावल बिजली घर से 9 से 5 बजे तक बंद रहेगी आपूर्ति

चरथावल, 23 नवम्बर (बु.)। निमार्णाधीन 132 केवी बघरा- लालूखेड़ी बिजलीघर हेतु लीलो लाईन के तार खींचने के कार्य हेतु गुरुवार को दधेडू की 11 केवी की विद्युत लाइन की चरथावल विद्युत उपसंस्थान से विद्युत आपूर्ति सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रहेगी। उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड के विद्युत उपखण्ड अधिकारी तृतीय मुजफ्फरनगर गुलशन कुमार द्वारा यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया 132 केवी बघरा लालूखेड़ी लीलो लाईन के तार खींचने का कार्य किये जाने के कारण चरथावल विद्युत उपसंस्थान से ग्राम दधेडू को विद्युत आपूर्ति करने वाली 11 केवी की विद्युत लाईन बंद रहेगी। विद्युत आपूर्ति गुरुवार को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रहेगी। सभी विद्युत उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की गयी है।



# भाजपा शासन में प्रदेश अपराध मुक्त हुआ

**सपा मैनपुरी में चुनाव लड़कर परिवारवाद को दे रही है बढ़ावा : पंकज सिंह**

जानसठ, 23 नवम्बर (बु.)। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष और नोएडा से विधायक पंकज सिंह ने भाजपा की प्रदेश और केंद्र सरकार की सराहना करते हुए कहा कि विश्व में आज भारत का जो मुकाम है, उसमें बड़ा योगदान मोदी जी और योगी जी का है। पहले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत को इतना सम्मान प्राप्त नहीं होता था, जितना मोदी जी के आने के बाद होने लगा है। उन्होंने कहा कि यह भी भारत की उपलब्धि है कि ऑस्ट्रेलिया जैसे देश ने भी योगी जी के शासनकाल की सराहना की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब गुंडे माफियाओं के लिए कोई जगह नहीं है और प्रदेश की जनता को योगी जी ने बेहतर शासन और खुलकर जीने का अवसर प्रदान किया है। प्रदेश में कोई खौफ का वातावरण नहीं है। बड़ी संख्या में अपराधी मुठभेड़ों में घायल हो चुके हैं और जेलों के अंदर हैं। अपराधी प्रदेश छोड़ कर जा चुके हैं। प्रदेश और देश ने विकास की रफ्तार पकड़ी हुई है। पंकज सिंह खतौली विधानसभा के उपचुनाव के मद्देनजर भाजपा प्रत्याशी राजकुमारी सैनी के समर्थन में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा आयोजित युवा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में विधानसभा उपचुनाव की भाजपा प्रत्याशी राजकुमारी सैनी और उनके पति पूर्व विधायक विक्रम सैनी की अनुपस्थिति भी चर्चा का विषय बनी रही। कार्यक्रम में पूर्व विधायक उमेश मलिक, भाजपा जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला, भाजयुमो जिलाध्यक्ष कार्तिक काकरान, पूर्व नगर पंचायत चेयरमैन यनेश तंवर, नगर पंचायत चेयरमैन प्रविंन्द्र भड़ाना, पूर्व विधायक मिथिलेश पाल सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी शामिल रहे।

# प्रेमपुरी जैन पंचायती मंदिर में 10वां दीक्षा समारोह आयोजित





मुजफ्फरनगर, 23 नवम्बर (बु.)। श्री दिगम्बर जैन पंचायती मन्दिर प्रेमपुरी में आचार्य ज्ञेयसागर जी महाराज का 10वां दीक्षा महोत्सव धूमधाम से मनाया। इस दौरान आयोजित दीक्षा दिवस का शुभारम्भ मंगल ध्वजारोहण उद्यमी संजय जैन, राजीव जैन पारस टीएमटी ने किया। समारोह गौरव राजन जैन रहे।

कार्यक्रम में जैन श्रद्धालु बड़ी संख्या में मौजूद रहे। श्री दिगम्बर जैन पंचायती मन्दिर प्रेमपुरी में आयोजित किए गए कार्यक्रम में स्वागताध्यक्ष अरविन्द जैन व अनुज जैन रहे। इस दौरान संपन्न कार्यक्रम में महावीर भगवान व आचार्य ज्ञानसागर का चित्रानावरण सुशील जैन एवं रजत जैन द्वारा किया गया।

दीप प्रज्ज्वलन प्रभाष जैन, हर्षवर्धन जैन, देवेन्द्र जैन, सुनील जैन, ऋषभ जैन ने किया। वहीं जैन कन्या पाठशाला की कन्याओं ने नाटिका प्रस्तुत की। पाद प्रक्षालन अवसर व गुरू पूजा पवन जैन व मंगल आरती पुनीत जैन ने की। आचार्य श्री ने मंगल प्रवचन करते हुए आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष विनोद जैन, महामंत्री विपिन जैन जुगनू, मंत्री अनुज जैन, कोषाध्यक्ष अनिमेष जैन, सचिन जैन, आदित्य जैन, मनीष जैन, संजीव जैन, सुनील जैन, मनोज जैन आदि को सहयोग रहा।

## फांसी लगाने वाले दरोगा को छुट्टी देकर घर भेजा

मुजफ्फरनगर, 23 नवम्बर (बु.)। फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास करने वाले दरोगा को 14 दिन का अवकाश देकर उसके घर भेज दिया गया है। गौरतलब है कि मीरापुर थाने में तैनात एक दरोगा की ड्यूटी फिलहाल क्विक रेस्पांस टीम में मीनाक्षी चैक पर लगी हुई थी। दरोगा सिविल लाइन थानाक्षेत्र के साकेत कालोनी में किराए के आवास में रहता है। तीन दिन पहले शाम के समय दरोगा ने गले में गमछा डालकर आत्महत्या करने का प्रयास किया था। इस दौरान दरोगा ने फांसी लगाते हुए एक वीडियो मीरापुर थाने के ग्रुप पर भी पोस्ट कर दिया था। वीडियो देखकर मीरापुर थाना प्रभारी ने आलाधिकारियों और सिविल लाइन इंस्पेक्टर ब्रजेश शर्मा को फोन कर मामले की जानकारी दी थी। सूचना मिलते ही पुलिस ने दरवाजा तोड़कर दरोगा को बेहोशी की हालत में फंदे से नीचे उतारकर उपचार कराया था। पुलिस सूत्रों का कहना है कि दरोगा बुलंदशहर जनपद का रहने वाला है और उसके परिवार में परेशानी चल रही है। दरोगा छुट्टी लेकर अपने घर जाना चाह रहा था, छुट्टी न मिलने पर उसने आत्महत्या का प्रयास किया था। अफसरों ने दरोगा का 14 दिन का अवकाश स्वीकृत कर उसे घर भेज दिया है।

## राजकीय इण्टर कॉलेज में स्पिक मैके कार्यक्रम का आयोजन

मुजफ्फरनगर, 23 नवम्बर (बु.)। बुधवार को स्पिक मैके (सोसायटी फॉर द प्रमोशन ऑफ इण्डियन क्लासिकल म्यूजिक एंड कल्चरल अमोंगस्ट यूथ) मुजफ्फरनगर चैप्टर के तत्वावधान में जिला विद्यालय निरीक्षक के दिशानिदेर्शो के अनुसार निर्धारित कार्यक्रम में प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना शायोनी चक्रोबर्ती द्वारा भारतीय शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम की प्रस्तुति दी गई। सुबह से ही विद्यालय प्रांगण में नृत्यांगना शायोनी चक्रोबर्ती की प्रस्तुति को लेकर उत्साह का वातावरण था। नृत्यांगना शायोनी चक्रोबर्ती और स्पिक मैके की टीम में जनपद प्रभारी डॉ. आर.एम. तिवारी, समाज सेविका डॉ. मृदुला मित्तल, बीना शर्मा, डॉ. गरिमा जैन, डॉ. नीति सिंघल, भावना सिंघल, कार्यक्रम नोडल प्रभारी कंचन प्रभा शुक्ला प्रधानाचार्या जैन कन्या इंटर कॉलेज, नई मंडी सम्मिलित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। प्रधानाचार्य ब्रिजेश कुमार द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि का स्वागत किया। डॉ. आर.एम. तिवारी द्वारा मुख्य अतिथि का परिचय दिया। नृत्यांगना शायोनी चक्रोबर्ती द्वारा शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम के द्वारा नौ रसों पर आधारित थीम 'नवरसा' को महाभारत के कथानक में श्रीकृष्ण का कंस को मारने के लिए उसके दरबार में पहुंचने का मनोरम दृश्य अपने नृत्य से चित्रित कर छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित दर्शक-दीर्घा को मंत्रमुग्ध कर दिया।

नृत्य से पूर्व नृत्यांगना ने अपने नृत्य द्वारा अभिनीत की जाने वाली कथा का परिचय देते हुए भारतीय शास्त्रों में उल्लिखित नौ रसों से परिचित कराया एवं बाद में छात्र-छात्राओं को नृत्य से सम्बंधित मुद्रा, भाव-भंगिमा, राग, ताल आदि की जानकारी देकर मंच पर छात्रा प्रांजलि, इकरा, छात्र खालिद व कार्तिक को बुला कर उनके साथ सभी को भरतनाट्यम की मुद्राओं का अभ्यास कराया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ब्रिजेश कुमार द्वारा नृत्यांगना शायोनी चक्रोबर्ती को स्मृति चिह्न भेंट कर उनका और टीम स्पिक मैके का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में ममता रानी के साथ सोहनपाल, गीता रानी, सुचित्रा सैनी, नितिन कुमार, हरबीर सिंह, ब्रह्मप्रकाश, अनिल कुमार, भूपेन्द्र सिंह, विपिन त्यागी, रकम सिंह, मनोज दीक्षित, वन्दना कादियान, नेहा, आकांक्षा नागपाल आदि का सहयोग रहा।

## आपका आज का राशिफल

**बृहस्पतिवार, 24 नवंबर, 2022**

मेष- ग्रहस्थिति प्रतिकूल, कार्यो के प्रति उदासीनता, गुप्त चिंताओं से स्वास्थ्य पर कुप्रभाव, आर्थिक लेन-देन में जोखिम, बात-बात पर क्रोध की आशंका।

वृषभ- कार्य-व्यवसाय अर्थ पक्ष में उन्नति का सुअवसर प्राप्त, कठिनाइयों की निवृत्ति हेतु प्रयास सार्थक, धार्मिक क्रिया-कलापों की ओर अभिरुचि जागृत।

मिथुन- नूतन-पुरातन मित्रों से योजना की शुरुआत हेतु विचार विमर्श, विनियोजित धन का प्रतिफल, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम उपस्थित।

कर्क- स्वविवेक से लिया गया निर्णय व किया गया कार्य लाभप्रद, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, परिवार में धार्मिक कृत्य सम्पन्न, मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि।

सिंह- व्यापार में निराशा, दाम्पत्य जीवन में किसी बात को लेकर आपसी तनाव, लाभ में कमी, एकाग्रता का अभाव, सामाजिक पक्ष से कष्ट, यात्रा में परेशानी।

कन्या- वांछित प्रगति हेतु किये जा रहे प्रयास सफलता की ओर, अभीष्ट कार्य में संतोषजनक सफलता, मेल-मिलाप की ओर रुझान, शारीरिक सुख।

तुला- कार्य-व्यवसाय में विस्तार हेतु नवयोजना की शुरुआत संव, पुराने विवाद के समापन होने से खुशी, मनोरथ की सिद्धि, मनोविनोद के अवसर सुलभ।

वृश्चिक- ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, पराक्रम से कार्य व्यवसाय के क्षेत्र में अनुकूलता, रचनात्मक क्रिया-कलापों की ओर अभिरुचि, परोपकार की ओर प्रवृत्ति।

धनु- ग्रहस्थिति विपरीत, पारिवारिक समस्याओं के चलते निजी प्रतिभा का सदुपयोग करने से वंचित, वाद-विवाद से तनाव, व्यर्थ भ्रमण से अपव्यय।

मकर- कार्य-व्यवसाय अर्थ पक्ष में उन्नति का सुअवसर प्राप्त, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति का प्रयास सफल, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, धन संचय।

कुम्भ- नवकार्यो की ओर रुझान, वाक्पटुता से संकल्पसिद्धि, निराशा का समापन, व्यक्तित्व का विकास, मनोरंजन में रुचि, यात्रा का कार्यक्रम।

मीन- अभीष्ट कार्यों में संतोषजनक सफलता, धर्म-अध्यात्म में आस्था, घरेलू समस्या का निवारण संभव, परोपकार की ओर प्रवृत्ति, आपसी सौहार्द।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722



# अमावस्या तिथि को उद्यमी भीम कंसल ने किया भंडारे का आयोजन

मुजफ्फरनगर, 23 नवम्बर (बु.)। बुधवार को जानसठ रोड पर उद्यमी भीम कंसल की ओर से अमावस्या तिथि को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने अन्नपूर्णा के भंडारे में प्रसाद को ग्रहण करते हुए भगवान का आभार व्यक्त किया। बुधवार को नगर के पश्चिमी छोर पर जानसठ बस स्टैंड पर समाजसेवी और उद्यमी भीम कंसल की ओर से मार्गशीर्ष मास की अमावस्या तिथि को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। शास्त्रों के अनुसार मार्गशीर्ष माह जिसे अगहन माह भी कहते हैं, धार्मिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दिन स्नान-ध्यान के साथ ही पितरों के लिए तर्पण, पिण्डदान और श्राद्ध आदि किए जा सकते हैं, ताकि उनकी आत्माएं तृप्त होकर आशीर्वाद दें। उद्यमी भीम कंसल हर अमावस्या तिथि को भंडारे के माध्यम से यहां से गुजरने वाले गरीब परिवारों और मजदूरों के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्थाएं करते आ रहे हैं। बुधवार को आयोजित भंडारे में विनोद राठी, जेपी गोयल, कुन्नू, रजत राठी और योगेश गोयल के अलावा अन्य लोगों की ओर से प्रसाद वितरण सेवा में प्रतिभाग किया गया।

## मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 23 नवंबर, (बु.)। मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहे:-रसकट ढैया-940-960, चाकू 1040-1280, लड्डू 1125-1280, खुरपापाड़ 1060-1080, शक्कर मसाला 1280-1300। आमद-8,000 मन।

## अरिहन्त ज्वैलर्स सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 23 नवंबर, (बु.)। सोना-चांदी के भाव इस प्रकार रहे:-

| | |
|---|---|
| सोना- 52,500 | चांदी-61,000 |
| सिक्का- 750 | गिन्नी- 40,000 |


शोक संदेश



बड़े दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे प्रिय एडवोकेट सिद्धार्थ भारद्वाज (पुत्र स्व. श्री शंभू चरण भारद्वाज) का आकस्मिक निधन दिनांक 15 नवम्बर 2022, दिन मंगलवार को हो गया है। ईश्वर की ऐसी ही इच्छा थी। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए शोक सभा निज आवास पर दिनांक 25 नवम्बर 2022, दिन शुक्रवार को अपराह्न 3 बजे होनी निश्चित हुई है।

—समस्त शोकाकुल परिवार—

बीना भारद्वाज (पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष)
रोहाना हाऊस, हनुमान चौक, मुजफ्फरनगर

मोबाइल : 9873928821


# डीएम एवं एसएसपी ने जिला जेल का निरीक्षण किया

**-जेल में बंद बंदियों से मिलकर जाना उनका हाल**



मुजफ्फरनगर, 23 नवम्बर (सूवि.)। डीएम चंद्र भूषण सिंह एवं एसएसपी विनीत जायसवाल ने जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जेल में बन्द कैदियों से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना और जेल अधीक्षक को सुविधाओं को समय से बन्दियों को मुहैया कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान डीएम एवं एसएसपी ने रसोई घर, स्टोर खाद्यान, महिला बैरक, पुरुष बैरक, किशोर बैरक का निरीक्षण कर जायजा लिया। तत्पश्चात महिला बैरक में पहुंचकर उन्होंने जेल प्रशासन द्वारा मुहैया करायी जा रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। महिला बैरक में निरूद्ध गर्भवती महिलाओं एवं ऐसी महिलाएं जिनके बच्चे उनके साथ जेल में हैं, उनके बेहतर ढंग से देखभाल एवं स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराये जाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह, जेल अधीक्षक उपस्थित रहे।


मुजफ्फरनगर बुलेटिन



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकुर दुआ
डिप्टी -सम्पादिका-श्रीमति पूजा दुआ
☎, (प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
विज्ञापन- 9368549219 (फै.) 7983359929,
सम्पादक- 9412210257
e-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



फोटो बुलेटिन हर-हर शंभू पर सुन्दर नृत्य प्रस्तुति....



फोटो बुलेटिन मेरठ रोड पर शारदेन स्कूल में आयोजित समारोह में मंचीय प्रस्तुति का आनंद लेते उपस्थित अतिथि, अभिभावक और शिक्षकगण।

उत्सव का शुभारंभ....



फोटो बुलेटिन शारदेन स्कूल के वार्षिकोत्सव का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान। उनके साथ हैं डॉ. सुभाष शर्मा, विश्व रतन व धारा रतन।

# "शारदेन स्कूल" में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

## ▶▶ वार्षिक समारोह में अपनी मनोहारी प्रस्तुतियों से बच्चों ने सभी को किया मोहित



फोटो बुलेटिन 'आज में ऊपर-ये आसमां नीचे'....

**मुजफ्फरनगर, 23 नवम्बर (बुस.)।** शारदेन स्कूल में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। शारदेन स्कूल के प्रांगण में चल रहे वार्षिक उत्सव के अवसर पर विधायक संजीव बालियान मुख्य अतिथि रहे। मुख्य अतिथि, अन्य अतिथि एवं अभिभावक सांस्कृतिक संध्या के साक्षी रहे। अतिथियों का स्वागत- अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात वाग्देवी सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण करके गायत्री मंत्र के साथ रंगारंग कार्यक्रम का आरंभ हुआ। पूरे विद्यालय को दुल्हन की तरह सजाया गया।

नर्सरी के बच्चों ने आई लव माय इंडिया एवं कक्षा 10 'डी' के छात्रों ने "बिलीव इन यू" गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। हेप्पिनेस्स अराउंड द वर्ल्ड थीम पर कक्षा 1 से 3 तक के छात्रों ने विभिन्न देशों से संबंधित कार्यक्रम प्रस्तुत किया। नॉर्थ अमेरिका, अर्जेंटीना, स्पेन न्यूयॉर्क जापान, ऑस्ट्रेलिया, इंडिया का प्रोग्राम देखते हुए ऐसा लग रहा था कि हम अन्य देशों में भ्रमण कर रहे हैं। कक्षा 4 एवं 10 के बच्चों ने हनुमान चालीसा पर ऐसा नृत्य किया कि विद्यालय का प्रांगण हनुमान जी की भक्ति में लीन हो गया। हर हर शंभू एवं शिव विवाह पर बच्चों ने शिव एवं पार्वती के परिधान पहन मनोहारी प्रस्तुति दी। बच्चों ने राष्ट्रीय चिन्ह थीम पर कमल, मोर नृत्य, हॉकी नृत्य, टाइगर नृत्य करके दर्शकों का मन मोह लिया। राजस्थानी गोनदवी नृत्य, देश भक्ति डांस भगत सिंह के व्यक्तित्व पर, पंचतत्व, कार्यक्रम आकर्षण का विषय था। प्रधानाचार्या धारा रतन ने अभिभावकों का स्वागत करते हुए विद्यालय प्रगति की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

**उत्सव के दौरान बच्चों और अभिभावकों को दिया स्वास्थ्य के प्रति जाकरुकता का मंत्र**

केन्द्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने कहा कि आजकल के बच्चे इतने अच्छे नंबर लाते हैं कि हैरानी होती है, लेकिन जो बच्चे 99 और 100 नहीं ला पाए, उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं, उनके लिए बहुत सारी अपॉर्चुनिटी हैं। स्कूल प्रबंधक विश्व रतन ने अतिथि, अभिभावकों तथा मीडिया का आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने भाषण में कहा कि शारदेन स्कूल के विद्यार्थियों की विशेषता है कि कहीं भी रहें किसी भी परिस्थिति में हों, लेकिन अपना लक्ष्य प्राप्त कर लेगा। बच्चों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए कहा कि सबसे पहले निरोगी काया होना ही सौभाग्य की बात है। स्वास्थ्य से सभी कार्य सिद्ध होते हैं, लेकिन समाज में उदासीनता के चलते लोग ध्यान नहीं दे रहे हैं, इसलिए सामाजिक प्रयास की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों और स्टाफ की कड़ी मेहनत की सराहना की और सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम संचालन अनुष्का जैन, ओजल सिंघल, वंश दीप, कृष्णा सिंघल ने किया।



अतिथि देवो भव:....



फोटो बुलेटिन शारदेन स्कूल के वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान का छात्र से पौधा भेंट कराकर स्वागत करातीं प्रधानाचार्या धारा रतन।

शारदेन स्कूल की मंचीय प्रस्तुतियों में प्रेरक संदेश देने के साथ कई कार्यक्रमों के सहारे विद्यार्थियों ने लोगों को देश और संस्कृति से जोड़ने का काम किया। तिरंगा लेकर छोटे बच्चे मंच पर सुन्दर परिधानों में निकले तो इनकी मासूमियत ने सभी को मोह लिया।

खूब बही श्याम रसधारा----'नैया है म-ध्धार, इसे पार लगा जाओ'....





'भजन संध्या में सजा बाबा का दरबार'....

## दिल्ली एम्स की वेबसाइट पर साइबर अटैक

**नई दिल्ली, 23 नवंबर (वार्ता)।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली में बुधवार सुबह पंजीकरण प्रक्रिया शुरू होते ही मुख्य सर्वर डाउन होने से ऑनलाइन सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई। पर्ची बनने व रिपोर्ट सहित अन्य सभी काम प्रभावित हुए। इस बीच अस्पताल में इलाज के लिए आए हजारों मरीजों परेशान हुए। डॉक्टरों ने मैनुअल पर्ची के माध्यम से मरीजों का इलाज किया।

## चुनाव आयुक्त की नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

**नई दिल्ली, 23 नवंबर (वार्ता)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सुनवाई के दौरान चुनाव आयुक्त के तौर पर अरूण गोयल की नियुक्ति संबंधी फाइल मांगी है। शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार से सवाल किया कि अरुण गोयल को चुनाव आयुक्त पद पर कैसे नियुक्ति की गई है। अदालत ने इसका रिकॉर्ड भी मांगा है। अदालत ने कहा कि सुनवाई शुरू होने के तीन दिन के भीतर नियुक्ति हो गई। हम ये जानना चाहते हैं कि नियुक्ति के संदर्भ में क्या प्रक्रिया अपनाई गई है। अगर ये नियमानुसार किया गया है तो इसमें परेशान होने वाली कोई बात नहीं है।

## लैब में होगी आजम की आवाज की जांच

**रामपुर, 23 नवंबर (वार्ता)।** सपा नेता आजम खां की आवाज के नमूने की जांच विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) लखनऊ में होगी। कोर्ट ने रामपुर के एसपी और विधि विज्ञान प्रयोगशाला, लखनऊ के निदेशक को आदेश दिया है कि सात दिन के अंदर आजम खां के आवाज के नमूने लेकर पेश करें। इस मामले की सुनवाई 03 दिसंबर को होगी।

## पॉलीग्राफी टेस्ट-आफताब को चढ़ा बुखार

**नई दिल्ली, 23 नवंबर (वार्ता)।** श्रद्धा हत्याकांड मामले में आरोपी आफताब अमीन पूनावाला (28) ने पॉलीग्राफी टेस्ट के पहले सत्र में सभी सवालों के सही जवाब दिए। ऐसा कोई सवाल नहीं था कि जिसका उसने जवाब नहीं दिया। दूसरी तरफ आफताब को बुखार होने से बुधवार को पॉलीग्राफी टेस्ट का मुख्य सत्र नहीं हो पाया।

## भारत ने किया परमाणु संपन्न बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-3 का सफल ट्रेनिंग लॉन्च

**भुवनेश्वर, 23 नवंबर (वार्ता)।** ओडिशा के एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से मध्यम रेंज वाली बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि -3 का बुधवार को सफल ट्रेनिंग लांच किया गया। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। यह सफल परीक्षण सामरिक बल कमांड के तत्वावधान में किए गए नियमित उपयोगकर्ता प्रशिक्षण लॉन्च के अंतर्गत किया गया था। अग्नि-3 परमाणु क्षमता युक्त स्वदेशी मिसाइल है।

जानकारों ने दावा किया है कि भारत की यह परमाणु मिसाइल 3500 किलोमीटर दूरी तक सटीक निशाना भेदने की क्षमता रखती है। इस मिसाइल के वार की जद में पूरा पाकिस्तान और आधा चीन आता है। इस मिसाइल की साइज भी बहुत ज्यादा है। इसकी लंबाई 17 मीटर और व्यास 2 मीटर है। जो एक सेकेंड में पांच किलोमीटर की दूरी तय करने में सक्षम है।

# गायत्री ज्वैलर्स के कार्यक्रम में संजय मित्तल व परविंदर पलक के भजनों पर भावुक हुए बाबा खाटू श्याम के भक्त

## मुख्य अतिथि मंत्री कपिलदेव अग्रवाल व बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ का पटका पहनाकर गायत्री ज्वैलर्स परिवार ने किया स्वागत

**मुजफ्फरनगर, 23 नवम्बर (बु.)।** मंगलवार को टाऊन हॉल मैदान में गायत्री ज्वैलर्स परिवार द्वारा श्री खाटूश्याम जी की विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान गायत्री ज्वैलर्स परिवार ने कार्यक्रम में आये हुए मुख्य अतिथियों मंत्री कपिलदेव अग्रवाल, बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ, कुलदीप गोयल, विशाल गर्ग व सभासद नवनीत कुच्छल का पटका पहनाकर स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान संजय मित्तल व परविंदर पलक ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। सिर्फ संजय मित्तल ही नहीं, परविंदर पलक ने भी अपने भजनों से पूरे पाण्डाल व आये हुए अतिथियों को श्याम रसधारा में बहने को मजबूर कर दिया।

**श्याम भजनों पर निकले संजय मित्तल के आंसू**

संजय मित्तल ने रात 12 बजे मंच पर एंट्री की और 2 बजे तक ऐसा समां बांधा कि लोग वहीं झूमने को मजबूर हो गये। ह्यनैया है मझधार इसे पार लगा जाओह्न, डाकिया जा रे चिट्ठी आई हैह्न के भजन पर संजय मित्तल स्वयं भावुक हो गये और तकरीबन 10 मिनट तक उनकी आंखों से भक्ति की रसधार बहती दिखाई दी। संजय मित्तल के भजनों पर 2 बजे तक लगातार लोग बंधे तो रहे हीं, साथ ही संजय मित्तल द्वारा यह कहने पर कि जिन्हें घर जाकर बड़े बुजुर्गों और बच्चों की सेवा करनी हो, वह जा सकते हैं, बावजूद उसके भी वहां से श्रद्धालु हिले नहीं। परविंदर पलक ने अपने हरियाणवी अंदाज में भजन सुनने आये लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान श्याम प्रेमियों ने श्याम रसोई में बाबा का प्रसाद भी ग्रहण किया। गायत्री ज्वैलर्स परिवार द्वारा आये हुए श्याम प्रेमियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में राकेश गर्ग, राजीव गर्ग, भव्य गर्ग, रूद्र गर्ग, दर्शन गर्ग आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को मुख्य रूप से सफल बनाने में विशाल गोयल, कमल सिंघल, विपुल तायल, हिमांशु गोयल, सोनू गर्ग, सचिन सिंघल, नवनीत कुच्छल, विकास वर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा।



## संजय मित्तल ने सजाये गये दरबार की प्रशंसा की

मुजफ्फरनगर। भजन गायक संजय मित्तल ने भगवान श्री खाटू श्याम की भजन संध्या में जैसे ही माईक सम्भाला, तो सबसे पहले उन्होंने टाऊन हॉल मैदान में सजाये गये खाटू श्याम जी के दरबार की प्रशंसा की और कहा कि वास्तव में खाटू श्याम जी का श्रंगार तो सुन्दर है ही साथ ही साथ मंच सजाने वालो ने बेहतरीन कलर कोम्बीनेशन बनाया। इसलिए वे उन्हें दिल से धन्यवाद करते हैं। खाटू श्याम जी मंच सजाने वालो पर अपनी कृपा बनाये रखें, भजन गायक संजय मित्तल ने प्रभु से ऐसी प्रार्थनाएं की।







फोटो बुलेटिन

'भजन संध्या में बाबा श्याम की भक्ति और आस्था की गंगोत्री में हर कोई पूरी तरह से डूबा नजर आया'....

|| राम || || राम || || राम || || राम || || राम || || राम || || राम || || राम || || राम || || राम ||

रस्म पगड़ी



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिताजी श्री मनोहर लाल कक्कड़ (पुत्र स्व. श्री सुन्दर दास कक्कड़) जी का स्वर्गवास दिनांक 15 नवम्बर 2022, दिन मंगलवार को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
उनकी आत्मिक शांति के हेतु श्रद्धांजलि सभा एवं रस्म पगड़ी निम्न कार्यक्रमानुसार होनी निश्चित हुई है।

दिनांक 24 नवम्बर, 2022, दिन बृहस्पतिवार
रस्म पगड़ी : दोपहर 2:00 से 3 बजे
स्थान : वृन्दावन गार्डन, भोपा रोड, मुजफ्फरनगर

शोकाकुल परिवार

विजय कक्कड़–पूनम रानी, अजय भारती–पंकज कक्कड़,
संजय कक्कड़–कविता कक्कड़, आकाश कुमार–ज्योति कक्कड़ (पुत्र–पुत्रवधु)
गुलशन नारंग–शशि नारंग, सुरेश मुटनेजा–मीना मुटनेजा (दामाद–पुत्री)
डॉ. मोहनलाल, राजकुमार कक्कड़, मनोज कक्कड़ (भतीजे)
सागर, प्रतीक, शरद, साहिल, शिवम, राहुल, अर्णव (पौत्र)

प्रतिष्ठान

• विजय लक्ष्मी ऑप्टिकल कम्पनी प्रा.लि., मुजफ्फरनगर
• विजय लक्ष्मी ऑप्टिकल, देहरादून • ऑप्टिकल प्वाइंट, मुजफ्फरनगर
• सरस्वती ऑप्टिकल कम्पनी, मुजफ्फरनगर
मोबाइल : 8630004794, 9410243356, 9528655675

|| राम || || राम || || राम || || राम || || राम || || राम || || राम || || राम || || राम || || राम ||